तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 12 जनवरी 2026

11 अपैक्स स्कूल में मना वार्षिकोत्सव

12 मोहरा व हिरमी में श्रीमद् भागवत कथा भक्ति, ...




## खबर संक्षेप

### भरुवाडीह में हिन्दू सम्मेलन आज

**पलारी।** गिधपुरी मंडल के अंतर्गत ग्राम भरुवाडीह में 12 जनवरी को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन सकल हिन्दू समाज के नेतृत्व में रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सह प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत नारायण नामदेव होंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सकल सर्व हिंदू समाज से आग्रह किया गया है।

### महंगाई भत्ता 55 से बढ़कर हुआ 58%, कर्मचारियों ने जताया आभार

**बलौदाबाजार** | बलौदाबाजार छत्तीसगढ़ शासन के साय सरकार एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महंगाई भत्ता 3 प्रतिशत बढ़ाया गया है। अब महंगाई भत्ता 55 की जगह 58 प्रतिशत मिलेगा। छ.ग. कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन



जिला शाखा बलौदाबाजार के जिला संयोजक डॉ. एल.एस ध्रुव, जिला अध्यक्ष अविनाश तिवारी, प्रकाश तिवारी, डा. रोशन देवांगन, डा पवन कुर्रे, सुरेश कुमार पैकरा, राम शंकर कंवर, विनोद कुर्रे कामेश धनगर, मनोज दुबे, संतोष वैष्णव, संतोश साहू, विजय कुमार साहू, कामता जांगडे, संजय कुमार यदु, गुहत राम महेश्वरी, भीम सेन, टिकराम यादव, शत्रुहन यादव आदि ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। शासन से मांग किया है कि बाकी के 10 मांगों पर भी पुनः सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए शीघ्र पूर्ण करने की कृपा करें।

### साराडीह में एक व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम साराडीह में एक



व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में दो लोगों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को चंद्रहास गायकवाड़ साराडीह ने बताया कि 9 जनवरी की रात 9 बजे पंचायत चौक से वह अपने घर जा रहा था, तभी भानू कोठारी के किराना स्टोर के पास गांव के भानू कोठारी एवं करूं निराला मिले और भानू कोठारी ने तुम परसो गाली गलौज किये थे कहकर गाली गलौज गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए किसी नुकीली वस्तु से सिर में वार कर दिया तथा पास में खड़े करूं निराला ने भी हाथ मुक्का से मारपीट किया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 115 (2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब बेच रहे एक युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम धनोरा में परसाभदेल जाने के रास्ता में पिथौरा पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 6 लीटर देशी महुआ शराब जब्त किया है। मामले में आरोपी विवेक कुमार गुप्ता पिता संजय कुमार गुप्ता (25 साल) सराईपाली थाना तेंदूकोना के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### कार से प्लेन व व्हिस्की शराब जब्त

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने एक कार में देशी प्लेन व व्हिस्की शराब ले जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने ग्राम लोहराकोट एनएच रोड 53 राहुल टी स्टाल के पास एक कार से गोवा व्हिस्की शराब 10 पौवा एवं शोले देशी प्लेन शराब 30 पौवा कुल कीमत 3900 रुपए तथा एक नीले रंग की बलेनो कार कीमत करीबन 800000 रुपए को बरामद किया। मामले में राहुल पिता नारायण टंडन (27) सपोस थाना सांकरा के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

**विरोध :** गांधी चौक में हुआ एक दिवसीय आंदोलन, मोदी सरकार पर श्रमिक विरोधी नीति का आरोप

# मनरेगा नियमों में बदलाव के विरोध में कांग्रेस का सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज बलौदाबाजार। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार-भाटापारा के नेतृत्व में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा मनरेगा के नियमों एवं प्रावधानों में किए गए बदलाव के विरोध में एक दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन का आयोजन स्थानीय गांधी चौक में किया गया। यह आंदोलन मनरेगा बचाओ संग्राम के दूसरे चरण के अंतर्गत संपन्न हुआ।

**मनरेगा बचाओ संग्राम के दूसरे चरण के तहत हुआ कार्यक्रम**

कार्यक्रम की प्रभारी पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर की उपस्थिति में आयोजित इस सत्याग्रह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार मनरेगा कानून में बदलाव कर श्रमिकों एवं मजदूरों के साथ अन्याय कर रही है। मनरेगा जैसी योजना देश के गरीब तबके के लिए रोजगार का मजबूत सहारा रही है, जिसने कोरोना जैसे कठिन समय में भी लोगों का साथ दिया। ऐसे में इसके नियमों में बदलाव गरीब विरोधी कदम है।




### औसतन मात्र 38 दिनों का ही काम कराया उपलब्धः कांग्रेस

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दिनेश यदु एवं हितेंद्र ठाकुर, परमेश्वर यदु, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम गिरी एवं रूपेश सिंह ठाकुर ने कहा कि 100 दिन से 125 दिन की मजदूरी की बात केवल दिखावा है। वास्तविकता यह है कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार किसी भी वर्ष मजदूरों को 100 दिन का रोजगार नहीं दे पाई। राष्ट्रीय स्तर पर मनरेगा में औसतन मात्र 38 दिनों का ही काम उपलब्ध कराया गया है।

**ये रहे उपस्थितः** सत्याग्रह कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खिलेंद्र वर्मा, प्रभाकर मिश्रा, संतोष तिवारी, जितेंद्र नवरत्न, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, पार्षद सलमान शेख, डिगेशवरी नामदेव, रविंद्र नामदेव, सुरेश घृतलहरे, ममता सुभाष राव, श्रद्धा मनीष वर्मा, अंजनी गोविंद पात्रे, मनोज प्रजापति, समीर अग्रवाल, सैयद आसिफ अली, सुखदेव साहू, धर्मेंद्र वर्मा, अभिषेक पटेल, सूर्यकांत वर्मा, आयुष भतपहरी, प्रवीण धुरंधर, वीरेंद्र महेश्वरी, प्रवीण सेन, देवेंद्र बंजारे, हेमंत वर्मा, गेवेंद्र साहू, मनीष साहू, नीलकंठ ध्रुव, गजेंद्र साहू, अजय भारती, चेतेश्वर साहू, राधिका राजू राय, सनत वर्मा, धर्मेंद्र रात्रे, राजू राय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**आरोपः 70 प्रतिशत गांवों में अघोषित रूप से मनरेगा कार्य बंद :** वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ के लगभग 70 प्रतिशत गांवों में अघोषित रूप से मनरेगा कार्य बंद कर दिए गए हैं। पूर्व में मनरेगा मेट एवं रोजगार सहायकों की सहायता मजदूरों को मिलती थी, जिसे अब समाप्त किया जा रहा है। साथ ही पहले मजदूरी का 100 प्रतिशत भुगतान केंद्र सरकार करती थी, जबकि अब राज्य सरकारों को 40 प्रतिशत हिस्सा स्वयं वहन करना होगा, जिससे राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और मजदूरों को काम न मिलने की आशंका है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार का यह निर्णय पूरी तरह श्रमिक विरोधी है। इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत गांव-गांव जाकर मजदूरों को जागरूक करने का अभियान चलाएगी।

# हथबंद भाटापारा रेलवे अप लाइन पर सिर कटा शव मिलने से हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

रविवार सुबह करीब 4 बजे सुबह हथबंद भाटापारा रेल्वे अप लाईन में किमी क्रमांक 771 23/25 के पास अप लाईन मे एक लाश मिली जिसका सर धड से अलग था रेल्वे लाईन मे लाश मिलने से आसपास के क्षेत्र मे हडकंप मच गया घटना के संबंध मे जानकारी देते हुए आरपीएफ पोस्ट प्रभारी एस.के.शुक्ला ने बताया सुबह 4 बजे हथबंद स्टेशन मास्टर और रायपुर कंट्रोल रूम से जानकारी मिली कि एक लाश हथबंद के पास अप लाईन के बीचोबीच पडी हुई है।

- ट्रैक पर मिली अज्ञात लाश हत्या की आशंका
- मौके पर पहुंची एफएसएल व पुलिस की टीम

आरपीएफ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची जहाँ देखा तो उन्हे एक लाश धड से सिर अलग पडा मिला जिसका धड घटना स्थल पर था किन्तु उसका सिर वहां से गायब था केवल बाडी ट्रेक पर पडी हुई थी शुक्ला ने बताया जिस समय यह बाडी उस ट्रेक पर मिली उस समय अप लाईन मे ट्रेक सुधार के नाम पर रात एक बजे से सुबह 5:30 बजे तक रेल लाईन को ब्लॉक किया गया था वही मृतक के दाहिने हाथ मे गोदना से अंग्रेजी में जीके जोशी लिखा हुआ मिला। वहीं दूसरी ओर यह संभावना जताई जा रही है कि आसपास देखने मे यही लग रहा है कि उसके सिर को धड से अलग कर उसे करीब 50 मीटर घसीटते हुए ट्रेक मे लाकर डाल दिया गया है वहीं दूसरी ओर कटे हुए सिर की खोजबीन जारी है लेकिन कहीं भी उसके सिर का पता नही चल सका है इस घटना को देखते हत्या की संभावना जतायी जा रही है घटना की गंभीरता को देखते हुए हथबंद थाना और एसडीओपी भाटापारा के अलावा एफ एस एल की टीम को जानकारी दी गई है ।

# रसौटा में युवक की हत्या का आरोपी समीर साय गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

प्रार्थिया किरण गहिरवारे निवासी ग्राम रसौटा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 29 दिसंबर 2025 की रात्रि इसका पुत्र करन गहिरवारे गांव में एक कार्यक्रम को देखने के लिए जाते समय बस्ती में दुकान के सामने गिर गया, जिससे उसे सिर में गंभीर चोटें आई। तत्पश्चात करन को इलाज हेतु पलारी, बलौदाबाजार एवं डीके अस्पताल रायपुर में भर्ती कराकर इलाज करवाया गया। तत्पश्चात 9 जनवरी को रायपुर गुढ़ियारी में रिश्तेदार के घर में उसकी मृत्यु हो गई। उसके बाद मृतक करन के शव को ग्राम रसौटा लाया गया। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में मार्ग क्र. 03/2026 पंजीबध्द कर जांच कार्यवाही में लिया गया। गांव वापस आने मृतक के परिजनों को आरोपी एवं मृतक के मध्य झूमाझटकी होने के संबंध में जानकारी मिली।

**खास बातें**
- मारपीट के दौरान धक्का देकर गिराने से युवक की मौत
- सीसीटीवी फुटेज और परिस्थितिजन्य साक्ष्य से हुई पहचान



प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा मर्ग जांच कार्यवाही प्रारंभ किया गया तथा घटना दिनांक को घटनास्थल के आसपास मौजूद ग्रामीणों, गवाहों एवं मृतक के परिजनों से विस्तृत पूछताछ किया गया, साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का भी गहन अवलोकन किया गया, जिसमें यह पाया गया कि मृतक के साथ घटना 29 दिसंबर के रात्रि 9:30 बजे लगभग आरोपी समीर साय द्वारा गांव में बस्ती में दुकान के सामने झूमाझटकी एवं मारपीट किया गया है तथा उसके द्वारा धक्का देकर मृतक को जमीन पर गिरा दिया गया, जिससे मृतक के सिर के पीछे गंभीर चोंट आया। इसी चोंट के कारण मृतक की मृत्यु हो गई, जिस पर प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 13/2026 धारा 103(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने से आरोपी को 11 जनवरी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# रोड सेफ्टी व महिला सशक्तिकरण पर प्रतियोगिताएं 14 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में 14 जनवरी को पुलिस कम्युनिटी हाल पुलिस लाइन बलौदाबाजार में रोड सेफ्टी एवं यातायात जागरूकता श्रृंखला के तहत विभिन्न विषयों पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत पेंटिंग, वॉल आर्ट एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। संपूर्ण आयोजन रोड सेफ्टी, साइबर जागरूकता एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर आधारित है। इन्हीं तीन विषयों के तहत प्रतिभागियों को अपनी प्रस्तुति देनी है।

- बलौदाबाजार पुलिस लाइन में पेंटिंग, वॉल आर्ट व फोटोग्राफी आयोजन

इस प्रतियोगिता में सभी उम्र के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं, जिसमें प्रतिभागियों की उम्र एवं अध्ययनरत कक्षाओं के आधार पर विभिन्न श्रेणियां में संपूर्ण प्रतियोगिता को विभाजित किया गया है। संपूर्ण शेष पेज 11 पर

# चंदेरी हत्याकांड के फरार दो आरोपियों को पुलिस ने मुंगेली से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विगत 2 जून 2024 को थाना क्षेत्र के ग्राम चंदेरी में हुई गंभीर मारपीट की घटना में घायल नंद कुमार पात्रे उम्र 31 वर्ष की मृत्यु हो गई तथा गोवर्धन पात्रे गंभीर रूप से घायल हुए कि रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध कायम धारा 302, 307, 427, 294, 506, 323, 147, 149, 452, 458, 459, 460 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल 13 आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया था। किंतु प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी अभी भी फरार थे जिनकी सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा था। इसी बीच साइबर सेल के माध्यम से प्राप्त टेक्निकल रिपोर्ट में प्रकरण में फरार आरोपी आशीष सिंह ठाकुर उम्र 30 वर्ष निवासी कालीमाई वार्ड क्रमांक 14 मुंगेली थाना मुंगेली जिला मुंगेली एवं सैयद वाहिद उम्र 34 साल निवासी कबीर वार्ड क्र. 16 रेस्ट हाउस के सामने दाउपारा मुंगेली जिला शेष पेज 11 पर

**दुलदुला में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ**

# कलयुग में भागवत कथा कराना ही सबसे बड़ा सत्कर्म हैः पं. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

समीपस्थ ग्राम दुलदुला में बसावन साहू के छः मासी बरसी में पुरुषोत्तम साहू के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन जल यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ ।

भजन कीर्तन के साथ जल यात्रा में महिलाओं एवं छोटी बच्चियों ने सिर पर कलश लेकर ग्राम के सभी देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर कथा स्थल पर पहुंचे । जहां परिजनों एवं ग्रामीणों ने भगवान यशोदा नंदन श्री कृष्ण की मंगल आरती किया।



श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का कथा व्यास भगवताचार्य पं. योगेश्वर शर्मा दिनांक 11 जनवरी रविवार से 19 जनवरी सोमवार तक 7 दिवस भगवान की मंगलमय अमृत रूपी कथा का रसपान कराएंगे। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से होगा ।

पं. योगेश्वर शर्मा ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन होना जन्म जन्मांतर के पुण्य से ही प्राप्त होता है ।

जिनके घर यह आयोजन होता समझ लो उनके उपर श्री भगवान मदन मोहन एवं राधे रानी की कृपा हो गई है । भगवान के मंगलमय कथा को सुनना नहीं है इस कथा को पीना है ताकि हमारा उद्धार हो सके । कलयुग का सबसे बड़ा कोई सत्कर्म है तो वह श्रीमद् भागवत कथा महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन कराना है।

# केंवट निषाद समाज का वार्षिकोत्सव 25 को, डिप्टी सीएम साव होंगे शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में केंवट निषाद समाज केन्द्रीय समिति शिवरीनारायण के प्रधान कार्यालय के पदाधिकारियों के द्वारा 25 जनवरी को श्रीराम जानकी चौबिस अवतार मंदिर शिवरीनारायण में होने वाले वार्षिकोत्सव एवं 25 लाख के लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने हेतु उपमुख्यमंत्री अरुण साव को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रण दिया गया। उपमुख्यमंत्री महोदय ने आवेदन स्वीकार करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु सहमति प्रदान किये हैं। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष डॉ सनथ कुमार, उपाध्यक्ष धनेश कैवर्त्य, अजय कैवर्त्य सरपंच कनजदा, सुखदेव कैवर्त्य देवरहा सचिव, परमेश्वर कैवर्त्य पूर्व सरपंच सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप





### भागवत कथा के छठवें दिन भगवान कृष्ण की बाल-लीलाओं का किया वर्णन

**नर्रा।** ग्राम बिंद्रावन में चल रहे संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन रविवार को कथावाचक पं. हेमप्रकाश शर्मा उखरा वाले ने भगवान कृष्ण की बाललीलाओं का विस्तृत वर्णन किया। जिसमें नंदोत्सव, माखन चोरी, पूतना वंध का प्रसंग सुनाया। भगवान कृष्ण ने यही लीला की, जिसमें समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है। कंस द्वारा भेजी गई राक्षसी पूतना ने भगवान को विषपान कराने आई थी। भगवान कृष्ण ने उसके स्तनों से केवल दूध ही नहीं बल्कि उनके प्राणों को भी पी लिया। पूतना अविद्या का प्रतीक है। भगवान ने उसका उद्धार कर उसे धात्री माता की गति प्रदान किया। झांकी के माध्यम से मटकी दही लूट छोटे-छोटे बच्चे ने वेशभूषा धारण किया। भगवान कृष्ण और बलराम लोगों का मन मोह लिया। कथा के दौरान माखन चोरी का प्रसंग बताते हुए कहा कि माता यशोदा ने कृष्ण भगवान को ऊखल से बांधने का प्रयास किया तो रस्सी हमेशा दो अंगुल छोटी पड़ जाती है।

## अनुकरणीय मिसाल

छाया अग्रवाल ने जाते-जाते दुनिया को दी नई दृष्टि, परिवार ने पेश की अनुकरणीय मिसाल

# बिटिया की विदाई पर माता-पिता का साहसिक निर्णय मरणोपरांत नेत्रदान, दो लोगों को मिल सकेगी दृष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

'मेरा समर्पण ऐसा हो कि मर कर भी कुछ

- विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के परिवार का बड़ा फैसला, बेटी छाया की आंखों से रोशन होगी किसी की अंधेरी दुनिया

काम आ सकूं...' इन पंक्तियों को अक्षरशः जीवंत करते हुए बसना के प्रतिष्ठित अग्रवाल परिवार ने शोक की इस अत्यंत कठिन घड़ी में मानवता की एक ऐसी मिसाल पेश की है, जिसकी चर्चा आज हर जुबान पर है।

बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के बड़े भ्राता एवं अग्रवाल सभा अध्यक्ष रामचंद्र अग्रवाल तथा अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की कोषाध्यक्ष अनीता अग्रवाल की सुपुत्री छाया अग्रवाल का 10 जनवरी 2026 को असामयिक निधन हो गया। अपनी संतान को खोने के अपार दुख के बीच भी माता-पिता ने समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को प्राथमिकता दी और अपनी लाड़ली की स्मृति को अमर बनाने के लिए उसके नेत्रदान का साहसिक निर्णय लिया। परिजनों की इच्छा और सहमति के पश्चात विशेषज्ञों व चिकित्सकों के दल ने पूरे सम्मान के साथ दिवंगत छाया के दोनों नेत्र सुरक्षित रूप से प्राप्त किए।



चिकित्सकों के अनुसार इन नेत्रों के माध्यम से दो ऐसे व्यक्तियों के जीवन में पुनः प्रकाश लौट सकेगा, जो वर्तमान में दृष्टिहीनता के कारण अंधेरी दुनिया में जीने को मजबूर हैं। नेत्रदान को 'महादान' की श्रेणी में रखा गया है, लेकिन शोक के समय भावुकता से ऊपर उठकर इस संकल्प को निभाना अत्यंत कठिन होता है।

रामचंद्र अग्रवाल और अनीता अग्रवाल के इस निर्णय ने न केवल अपनी पुत्री को एक गरिमामयी विदाई दी है, बल्कि भविष्य के लिए एक नई राह भी दिखाई है। अब छाया की आंखों से कोई और इस खूबसूरत दुनिया को देख पाएगा और नए सपने बुन सकेगा। इस महान कार्य के लिए क्षेत्र के प्रबुद्धजनों और सामाजिक संगठनों ने अग्रवाल परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें कोटि-कोटि नमन किया है।

## समस्या : खरीदी केंद्र की निर्धारित बफर लिमिट से अधिक धान खरीदी

# धान का उठाव नहीं होने से सिरको मंडी में खरीदी व्यवस्था चरमराई, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

सिरको धान खरीदी केंद्र में धान का उठाव नहीं होने से खरीदी व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है। खरीदी केंद्र की निर्धारित बफर लिमिट जहां मात्र 7,200 क्विंटल है। वहीं इसके विपरीत अब तक करीब 41,446 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है, जो बफर क्षमता से लगभग छह गुना अधिक है। स्थिति यह है कि खरीदी केंद्र पूरी तरह लबालब भर चुका है और धान रखने की जगह नहीं बची है।

धान उठाव ठप रहने के कारण मंडी परिसर में अव्यवस्था का माहौल बन गया है। किसानों की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे आसपास के मार्गों पर आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। मंडी क्षेत्र में ट्रैक्टर और अन्य वाहनों



की भीड़ के चलते आम लोगों को आने-जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मौजूदा हालात यह हैं कि एक ट्रैक्टर के मंडी परिसर में प्रवेश करने के बाद उसके बाहर निकलने तक अन्य वाहनों को इंतजार करना पड़ता है, तब जाकर दूसरी गाड़ी को प्रवेश मिल पाता है। इससे किसानों का समय और मेहनत दोनों बर्बाद हो रहे हैं। कई किसान घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं।

धान के स्टैक में रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने से खरीदी कार्य भी धीमा पड़ गया है। किसान अपनी उपज बेचने के लिए केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समाधान नजर नहीं आ रहा। किसानों का आरोप है कि शासन-प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा, जिससे उनकी परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। किसानों ने मांग की है कि शीघ्र ही धान का उठाव शुरू कराया जाए और अतिरिक्त भंडारण व परिवहन की व्यवस्था की जाए, ताकि खरीदी केंद्र में फैली अव्यवस्था दूर हो और किसानों को राहत मिले।

# देवरी स्कूल में विधिक जागरुकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में शनिवार को विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में व्यवहार न्यायालय बागबाहरा के न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अविनाश टोप्पो रहे। साथ में विधिक सेवा प्राधिकरण से अधिकार मित्र धनंजय पटेल, पुलिस विभाग से मनोज चंद्राकर, अधिवक्ता मुकेश चंद्र पाड़े विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीश और टीम द्वारा गुड टच, बेड टच, छेड़खानी, सती प्रथा, दहेज प्रथा, साइबर फ्राड, सोशल मीडिया के उपयोग, यातायात अधिनियम, विधि से संघर्षरत बालक, मानव अधिकार के बारे में छात्र- छात्राओं को विस्तारपूर्वक अवगत करवाया। विद्यालयीन छात्र-छात्राओं धनेश्वरी सेन, पूजा साहू, योगेश्वरी साहू, नीरज बंजारे, गायत्री साहू, माधुरी टंडन आदि के प्रश्नों का जवाब देकर इनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता नेशलाल धृतलहरे एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने किया। कार्यक्रम में व्याख्यातागण संजय बारसागढ़े, आनंद राम व्यौहार, नीलू सोनी, रवि प्रकाश पात्रे, भोज राम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, परस राम सिन्हा सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## होली फेथ स्कूल में हुआ वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन



**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। जहां स्लो सायकल रेस, डॉज बॉल एवम् कबड्डी क्रीड़ा स्पर्धा हुई। उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने अपने जौहर का जोरदार प्रदर्शन किए। संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन एवं प्राचार्य शर्वरी पींचा ने खेल प्रारंभ पूर्व टॉस कर किया। प्राचार्य ने हेड आने वाले खिलाड़ियों को खेल मैदान में शानदार प्रदर्शन के लिए मनोबल बढ़ाया। भरपूर ऊर्जा के साथ खेलने के लिए प्रोत्साहित किए। इस अवसर पर संस्था के सदस्य कविता पींचा, नंदनी चतुर्वेदी, पीयूष लूनिया, किशोर शुक्ला, दिलीप बोथरा मौजूद रहे। आयोजन में विद्यालय के खेल प्रभारी शिक्षिका डायना, जगदीश धीवर, मैनेजमेंट टीचर्स पूजा कामदार, आरती झा, आकांक्षा मिश्रा, रुचि साहू, दीपिका साहू, अनिशा यदु, लवीन चंद्राकर आदि का सहयोग रहा।

# बिरकोनी में संगवारी जेंडर संसाधन केंद्र की शुरुआत महिलाओं के हक और सुरक्षा के लिए समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बिरकोनी में महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए संगवारी जेंडर संसाधन केंद्र का उद्घाटन किया गया। यह केंद्र ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का मुख्य स्तंभ बनेगा। संगवारी केंद्र का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव को समाप्त करना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। यह केंद्र केवल एक कार्यालय नहीं, बल्कि उन महिलाओं के लिए एक 'सपोर्ट सिस्टम' के रूप में कार्य करेगा जो हिंसा, भेदभाव या



किसी भी प्रकार के मानसिक उत्पीड़न का सामना कर रही हैं। इस संसाधन केंद्र के माध्यम से महिलाओं को अनेक सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। जिसमें अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा पीड़ित महिलाओं को मानसिक और सामाजिक संबल देना, कानूनी अधिकारों की जानकारी और न्याय पाने में उचित सहायता, लैंगिक समानता, शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना है। संकट की स्थिति में महिलाओं को तत्काल सहायता और सही दिशा निर्देश प्रदान करना। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जब महिलाएं निडर होकर समाज में अपनी बात रखेंगी, तभी वास्तविक प्रगति संभव है। संगवारी केंद्र महिलाओं के कौशल विकास और सरकारी योजनाओं के लाभ दिलाने में भी सेतु का कार्य करेगा, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। बिरकोनी की महिलाओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि गांव के भीतर ही ऐसे केंद्र की उपलब्धता से अब उन्हें अपनी समस्याओं को लेकर दूर नहीं भटकना पड़ेगा। पंचायत के इस प्रयास को क्षेत्र के अन्य गाँवों के लिए भी एक मिसाल के रूप में देखा जा रहा है। संगवारी जेंडर संसाधन केंद्र अब बिरकोनी की हर महिला की आवाज और उसकी ताकत बनेगा।

# मोदी की गारंटी सहित वीएसके एप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में आंदोलन 17 को

## छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने कहा: करोड़ों की लागत से पूर्व की भांति टेबलेट या फ्री डिवाइस का उपयोग करना सुनिश्चित कराए, नहीं तो ई अटेंडेंस का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मोदी की गारंटी सहित वीएसके एप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में बड़ आंदोलन 17 जनवरी को किया जाएगा। जहां जिले के पांचों ब्लाक से हजारों शिक्षक एकजुट होकर अपने हक की आवाज बुलंद करने लोहिया चौक में हजारों शिक्षक जुटेंगे।

आंदोलन को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला महासमुंद की ऑनलाइन बैठक हुई। इसमें जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने आंदोलन को लेकर जिला, प्रांतीय एवं ब्लॉक प्रभारियों को जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें सिराज बक्श कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष को महासमुंद, आदित्य गौरव साहू प्रदेश महासचिव को बागबाहरा, दिनेश नायक प्रदेश अनुशासन समिति को पिथौरा, प्रदीप पटेल प्रदेश सलाहकार को बसना और राजाराम पटेल प्रदेश संगठन मंत्री को सरायपाली की जिम्मेदारी तथा जिला पदाधिकारियों में पुरुषोत्तम चंद्राकर उपाध्यक्ष, सीमा यादव उपाध्यक्ष, गोपाल साहू प्रवक्ता को महासमुंद, महेंद्र बघेल संरक्षक, डिकेश्वर साहू सलाहकार, लता बंजारे महासचिव को बागबाहरा, हरिशंकर पटेल उपाध्यक्ष, किशोर पटेल संगठन मंत्री, कुंती चौहान प्रवक्ता को पिथौरा, दिल प्रसाद चौहान कोषाध्यक्ष, हीराराम चौहान उपाध्यक्ष, गणपत देवदास प्रवक्ता को बसना, भूपेंद्र सिंह नेताम महामंत्री, सुधीर सोना संगठन मंत्री को सरायपाली की जिम्मेदारी देते हुए सभी ब्लॉक में बैठक और हर संकुल से शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए सघन सम्पर्क करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अलावा मनोज राय कार्यकारी जिला अध्यक्ष को सभी ब्लॉक अध्यक्षों सहित ब्लॉक पदाधिकारियों से प्रतिदिन सम्पर्क कर आंदोलन संबंधित गतिविधियों की जानकारी लेना और जिलाध्यक्ष को अवगत कराने, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दीपाली वर्मा को सभी ब्लॉक के महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सहित ब्लॉक महिला पदाधिकारियों से संपर्क कर शत प्रतिशत आंदोलन में उपस्थिति की जानकारी लेना और जिला अध्यक्ष को अवगत करने की जिम्मेदारी दी गई है।



जिलाध्यक्ष ईश्वर ने बताया कि इन दिनों शिक्षा विभाग रोज नए नए फरमान जारी कर रहा है। ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर जो वीएसके एप बनाया गया है, वह सुरक्षा की दृष्टि से अनुकूल नहीं है। साथ ही प्रदेश ग्रामीण अंचलों में सर्वर की समस्या है। साथ ही पुराने कई शिक्षक आज भी कीपैड मोबाइल का उपयोग करते हैं। इस एप के डाउनलोड करने से लगातार शिक्षकों के पास फर्जी फोन कॉल धमकी भरे कॉल आने की लगातार शिकायत मिल रही है। बावजूद शिक्षा विभाग इसको गंभीरता से नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति देने में कोई दिक्कत नहीं है। परंतु, अपने स्वयं के मोबाइल से उपस्थिति देना कदापि उचित नहीं है। शिक्षा विभाग को सभी स्कूलों में डिवाइस उपलब्ध कराना चाहिए। उसके बाद ई अटेंडेंस की पहल करनी चाहिए। नियमित उपस्थिति और अनुशासन बनाए रखने के लिए सरकार के हर कदम का स्वागत करते है। लेकिन, वो व्यवहारिक और सहजता से अनुकरण योग्य बनाये इसका निवेदन करते है।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ईश्वर ने कहा कि दो साल पूर्व मोदी की गारंटी में शिक्षकों के साथ किया गया वादा आज भी पूरा नहीं हो पाया है। प्रदेश के सहायक शिक्षक सरकार को आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। परन्तु, राज्य सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने में गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि एलबी संवर्ग के शिक्षकों की पूर्व सेवा की गणना करना बेहद जरूरी है। आज ऑनलाइन बैठक को पांचों ब्लॉक अध्यक्ष सभी प्रांतीय पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। बैठक में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सिराज बक्श, प्रदेश प्रवक्ता आदित्य गौरव साहू, अनुशासन समिति प्रभारी दिनेश नायक, प्रदेश सलाहकार प्रदीप पटेल, बीपी मेश्राम जिला कार्यकारी अध्यक्ष, मनोज राय, ब्लाक अध्यक्ष द्वय बाबूलाल ध्रुव महासमुंद, प्रकाश बघेल बागबाहरा आदि शामिल रहे।

# गढ़सिवनी सशिमं में सप्तशक्ति संगम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा सप्त शक्ति संगम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय गढ़सिवनी में शनिवार को किया गया। अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती, भारत माता के छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेमलता ध्रुव (सरपंच, ग्राम पंचायत गढ़सिवनी), अध्यक्षता जगौती बाई निषाद, विशेष अतिथि मनोज साहू ( प्रांतीय सप्त शक्ति संगम वक्ता, जिला महासमुंद) व योगेश्वरी ध्रुव (बिहान समिति, लेखापाल ग्राम परसाडीह), मुख्य वक्ता के रूप में रमा निषाद (पूर्व जनपद सदस्य), सहवक्ता अंगेश्वरी साहू उपस्थित रही। कार्यक्रम में 190 मातृशक्ति शामिल हुई। सप्त शक्ति संगम का प्रस्तावना वाचन किया गया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता द्वारा उद्बोधन में सप्त शक्ति संगम नारियों के सात गुणश्री, मेधा, कृति, स्मृति, वाक, क्षमा और धृति पर अपने विचार मातृशक्ति के समक्ष रखी। सह वक्ता ने भी कुटुंब प्रबोधन पर अपना विचार प्रस्तुत किया। सहवक्ता ने भारत में महिलाओं के योगदान एवं पर्यावरण पर अपना विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विशिष्ट माता का सम्मान के तहत जागौती बाई निषाद को (सामाजिक क्षेत्र ) में विशेष योगदान जिसमें



उनके द्वारा ग्राम खट्टा (पटेवा) में श्रीराम मंदिर निर्माण, ग्राम अछोली में मंदिर निर्माण तथा विद्यालय में 2 कमरे के निर्माण) के लिए शाल, श्रीफल व मेडल से सम्मानित किया गया। दुकलहीन बाई निषाद (संयुक्त परिवार) जिसमें एक साथ 35 सदस्यों सहित चार पीढ़ियों को संजोये रखा है के लिए शाल श्रीफल व मेडल से सम्मानित किया गया तथा सुशीला बाई साहू (धार्मिक क्षेत्र) जिसने रामायण, सुआ गीत, सेवा जसगीत, लोकगीतों के गायन के लिए शाल, श्रीफल व मेडल से सम्मानित किया गया। दीदीयों द्वारा माताओं से विविध प्रश्न पूछे गए, जिसमें मातृशक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिन्हें मेडल व पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के बहिनों द्वारा मां दुर्गा के नवरूपों का व माताओं के सप्त शक्ति का सुंदर झांकी प्रस्तुत कर अभिनय किया। विद्यालय के बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हीरा सोनकर ने आभार व्यक्त किया। किरण साहू, कलेश्वरी सोनकर द्वारा मातृशक्ति को संकल्प दिलाई। मंच संचालन हीरा सोनकर व किरण साहू ने किया। रणजीत यादव, रंजीत निषाद, जीतेंद्र कुमार निषाद (आचार्य), पिंकी यादव, वंदना साहू, राधिका ध्रुव (दीदी) एवं ममता साहू (आया) द्वारा कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान किया गया। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार साहू ने दी।

# गरीब मजदूरों के अधिकार के लिए कांग्रेस ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) और गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। खल्लारी विधायक और जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में आयोजित एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार को सीधी चेतावनी दी गई है। विधायक यादव ने स्पष्ट किया कि यदि केंद्र सरकार ने गरीबों की मांगों पर जल्द ही गंभीरता से विचार नहीं किया, तो आने वाले समय में यह आंदोलन केवल जिला स्तर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे और व्यापक बनाया जाएगा। नगर के लोहिया चौक स्थित धरना स्थल में



आयोजित इस एकदिवसीय उपवास को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम महज एक प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह एक देशव्यापी संघर्ष की शुरुआत है। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों पर प्रहार करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के विचारों और ग्रामीण गरीबों के रोजगार के संवैधानिक अधिकार पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा, हमारा उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को उनके हक का काम दिलाना और गांधी जी के स्वावलंबी गांव के सपने को बचाए रखना है। केंद्र सरकार की बेरुखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस उपवास कार्यक्रम में भारी संख्या में जनप्रतिनिधियों और संगठन के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरायपाली विधायक चातुरीनंद ने भी शिरकत की और ग्रामीण विकास की योजनाओं में हो रही कटौती पर चिंता व्यक्त की। मंच पर जीवजंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष व पूर्व जिलाध्यक्ष, डॉ. रश्मि चंद्राकर, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, और ग्रामीण अध्यक्ष खिलावन साहू ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी बढ़ रही है और केंद्र सरकार बजट में कटौती कर गरीबों के पेट पर लात मार रही है। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव नरेंद्र सेन, पूर्व प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष गणेश शर्मा और पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष मनोजकांत साहू सहित भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। उपवास के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह लड़ाई किसी राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि उस अंतिम व्यक्ति की है जो दो वक्त की रोटी के लिए मजदूरी पर निर्भर है। उपवास में शामिल होने वाले अन्य प्रमुख नामों में दुर्गा सागर, लक्ष्मी देवांगन, राजू यादव और सोमेश दवे शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### गृह निर्माण मंडल के अपर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** अटल विहार कॉलोनी परसदा, कुम्हारी में जनसुविधाओं और निर्माण कार्यों को पूरा करने की मांग को लेकर स्थानीय निवासियों द्वारा छग गृह निर्माण मंडल के अपर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि कॉलोनी में पानी, बिजली, सड़क, सीवेज और पार्क जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण निवासियों को परेशानी हो रही है और वे जल्द से जल्द इन कार्यों को पूरा करने की मांग कर रहे हैं, ताकि कॉलोनी का पूर्ण विकास हो सके। इस मौके पर निवासियों ने बताया कि बच्चों के पढ़ने के लिए कॉलोनी में स्कूल 13 सालों के बाद भी शुरू नहीं हुआ है। कॉलोनी परसदा में जनसुविधाओं को पूरा करने की मांग को लेकर स्थानीय निवासी मंडल के अधिकारियों, विशेषकर अपर आयुक्त से लगातार आग्रह कर रहे हैं। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### महामाया देवी मंदिर में गुप्त नवरात्रि महोत्सव 19 से

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित महामाया देवी मंदिर परिसर में आठ दिवसीय 19 से 27 जनवरी तक गुप्त नवरात्रि महोत्सव और श्रीमद भागवत कथा यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मंदिर आचार्य, पुजारी, पंडित और कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम दोहपर 2 बजे से शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि कार्यक्रम शुरू होने से पहले 19 जनवरी को भव्य शोभायात्रा महामाया देवी मंदिर से निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा महामाया देवी मंदिर, अमीनपारा चौक, लिली चौक, टिल्लू चौक, लाखेनगर चौक, सारथी चौक, आमापारा चौक, आजाद चौक, कंकाली नाका चौक, कंकाली तालाब से कलश जलभराव के बाद शीतला मंदिर चौक होते हुए वापस कथास्थल पर समापन होगा।

## पेज 9 के शेष

### चंदेरी हत्याकांड के...

मुंगेली के मुंगेली में छिपे होने का पता चला, जिस पर सिमगा पुलिस द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को हिरासत में लेकर दोनों आरोपियों को 11 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### रोड सेफ्टी व...

प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार एवं सम्मान पत्र प्रदान किया जाएगा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की अपील रोड सेफ्टी, यातायात जागरूकता एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर आयोजित इस वृहद प्रतियोगिता मैं अधिक से अधिक संख्या में भाग ले एवं इसका लाभ उठाएं।

---

बाउंड्री वाल तथा नलकूप खनन की घोषणा की

# दस्तावेज लेखक व स्टाम्प वेंडरों के प्रदेश कार्यालय का शिवरतन शर्मा ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

दस्तावेज लेखक एवं स्टांप वेंडरों के सिमगा में प्रदेश कार्यालय भवन निमार्ण के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि संपत्ति लेन देन एवं विभिन्न कानूनी प्रक्रियाओं में दस्तावेज लेखकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। दस्तावेज लेखक संघ की मांग पर रायपुर लोकसभा सभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दस्तावेज लेखकों के भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा की थी।

आज हम उक्त भवन निर्माण का भूमिपूजन कर रहें हैं। मैं दस्तावेज लेखकों को बधाई देता हूं कि अब उनके संघ के पास भी उनका अपना भवन होगा। प्रदेश अध्यक्ष



मनीष गुप्ता की मांग पर शिवरतन शर्मा बाउंड्री वाल तथा नलकूप खनन की घोषणा की।

इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल पांडेय, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, धीरज जैन, नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर, हेमसिंह चौहान, दस्तावेज लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष गुप्ता, सूरज सिंह, गौकरण वर्मा, राजेश त्रिवेदी, नुमान साहू, संत दास, प्रमीला गुप्ता, राकेश गुप्ता, जनपद सदस्य चंद्र प्रकाश टोंडे, महामंत्री छोटू यादव, राहुल, योगेश साहू, अभिजीत अवस्थी सूर्यकांत ताम्रकार, पार्षद सचिन जैन, विष्णु जायसवाल, मुकंद रजक, टैबू देवांगन, पीताम्बर सोनकर, पार्षद प्रतिनिधि अनूप तिवारी, माया सलूजा, परस पाटकर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सप्त दिवसीय रामायण समारोह का भव्य आयोजन जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

ग्राम पंचायत अर्जुनी के बजरंग चौक में सप्त दिवसीय रामायण समारोह का कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास से जारी है। कार्यक्रम 15 जनवरी तक चलेगा। इसमें आसपास के ग्राम के रामायण टोली के द्वारा प्रतिदिन अपने भजनों से श्रोताओं को रसपान किया जा रहा है।

सुबह से प्रभातफेरी के साथ प्रत्येक गली में रामधुनी के साथ ढोल मंजीरे के साथ अन्न दान के लिये भ्रमण किया जाता है। वहीं दोपहर 12 बजे से 10 रात्रि बजे के बीच में भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र की कथा का वर्णन प्रतिदिन मंच के माध्यम से किया जा रहा है। जिसे सुनने के लिए आसपास के गांवों के श्रोता भक्तों एवं ग्रामवासी अधिक संख्या में उपस्थित होकर रामायण कथा की आनंद ले रहे हैं। प्रत्येक मानस टोली को 501 श्रीफल एवं हनुमान चालीसा प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान किया जा रहा है। उक्त जानकारी रतन वर्मा व लखन यदु ने साझा किया है।

# वन रक्षक ने क्लास लगाकर विद्यार्थियों को योग ध्यान के दिये टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखण्ड पलारी अंतर्गत वन परिसर धमनी में पदस्थ वीटगार्ड मनबोधन टंडन द्वारा हाईस्कूल के विद्यार्थियों को ध्यान योग से मन को एकाग्र कैसे किया जाए जो 5 मिनट की अवधि मे किये जाने का सरल सहज ध्यान मुद्रा को प्रैक्टिकल बतलाने के क्रम मे हाई स्कूल धमनी के छात्र-छात्राओं को विधि से अवगत कराया गया।

जिसमें संयम अनुशासन पढ़ने के प्रति रुचि जागृत होने के साथ-साथ उदाहरण दिया गया है कि, फले हुए आम वृक्ष के नीचे चौकीदार की उपस्थिति से आम फल चोरी नही हो सकता है। यदि चौकीदार नहीं होगा तो आम फल की चोरी हो जाएगा। तदानुसार ध्यान योग की छोटी सी प्रक्रिया से मन की मनमानी को बाधित किया जा सकता है। उन्होंने मोबाइल के ज्यादा उपयोग को नियंत्रित करने और ज्ञान के प्रति रुझान बढ़ाने के अवसर का छात्र-छात्राओं द्वारा उपयोग में लाकर अपने मन को नियंत्रित करने में अभिरुचि ले रहें है। साथ मे वन प्रबंधन समिति धमनी अध्यक्ष रामनारायण यादव द्वारा यह कार्य के लिए वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील और वन रक्षक के प्रति आभार प्रकट किया।



# अपैक्स स्कूल में मना वार्षिकोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ब्लॉक के ग्राम ढेकुना में अपैक्स स्कूल ऑफ एजुकेशन में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह संस्कार 2.0 में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा शामिल हुए। उक्त अवसर पर श्री शर्मा ने छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार द्वारा ग्राम ढेकुना व आस-पास के विद्यार्थियों को नए अवसर, बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उत्कृष्ट सुविधा उपलब्ध कराने में अपनी महती भूमिका निभा रहा है जिससे युवा विद्यार्थी अपने उज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

■ सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण के साथ छात्रों का उत्साहवर्धन

इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता सराहनीय रही। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, किसान नेता हेमसिंग चौहान, सरपंच नेहा शर्मा, दौलत साहू, अशोक ध्रुव एवं विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। पूरा आयोजन अनुशासन, उत्साह और खेल भावना से परिपूर्ण रहा।

# प्रेम नारायण का कोरोना काल में योगदान के लिए हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

विकासखंड सिमगा अंतर्गत संकुल केंद्र मोहरा में पूर्व शिक्षकों के सम्मान में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहरा के ० या ख या ता (एलबी) प्रेम नारायण नायक को जिला मि श न स म न्व य क ब लौ दा बा जा र नरेंद्र वर्मा, एवं सहायक जिला मि श न समन्वयक जहीर अब्बास द्वारा सम्मानित किया गया।

■ सैंकड़ों ऑनलाइन कक्षाओं और 15,000 से अधिक विद्यार्थियों को जोड़ने का श्रेय

उक्त कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक श्री वर्मा जी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी ढाल सिंह ठाकुर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मंतराम बंजारे, मोहरा प्राचार्य के पी राय, बरडीह प्राचार्य



कुमार प्रसाद साहू, संकुल समन्वयक मार्कंडेय कैवर्त, एवं पूरे मोहरा संकुल के प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, एवं उच्चतर माध्यमिक शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह सम्मान नायक को कोरोना काल में किए गए कार्यों के लिए प्रदान किया गया। आपने कोरोना काल में 300 से भी अधिक ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित किये एवं 15000 से भी अधिक विद्यार्थियों को जोड़ने का कार्य किया। आपके ऑनलाइन कक्षा में प्रत्येक जिले से विद्यार्थी जुड़े। खास करके, बस्तर , कोंडागांव, बालोद, मोहला मानपुर, गरियाबंद, बिलासपुर, राजनांदगांव, सुकमा, दंतेवाड़ा, कांकेर दुर्ग, रायपुर, बलौदाबाजार के विद्यार्थी जुड़े। आपको 2025 में शिक्षक दिवस कार्यक्रम में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार द्वारा उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सम्मानित किया गया था। आपके इस उपलब्धि पर समस्त संकुल परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी और आपके उज्वल भविष्य की कामना की।

# जंगल में महुआ शराब बना रहे एक व्यक्ति पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम गुठानीपाली के जंगल में अवैध रूप से हाथ भट्ठी का देशी महुआ शराब बना रहे व्यक्ति को सिघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि गुठानीपाली के जंगल में अवैध रूप से हाथ भट्ठी का देशी महुआ शराब बनाया जा रहा है।

■ गुठानीपाली के जंगल में चल रहा था शराब बनाने का कार्य



मौके पर पहुंची पुलिस ने एक व्यक्ति को महुआ शराब बनाते हुए दिखा। पूछताछ में उस व्यक्त ने अपना नाम रंजीत दास पिता ब्रम्हा दास (30 साल) गुठानीपाली होना बताया। आरोपी के कब्जे से 60 लीटर हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब कीमत 12000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# शहर की सड़कों पर भारी वाहनों का कब्जा ट्रैफिक के दबाव से नागरिक त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय में इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शहर की मुख्य सड़कों से लेकर रिहायशी इलाकों तक भारी वाहनों के बेधड़क प्रवेश ने आम नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है। प्रशासन की सख्ती के दावों के बावजूद, भारी वाहनों के चालकों में अब कानून का कोई डर नजर नहीं आता, जिससे आए दिन जाम और दुर्घटनाओं की स्थिति बनी रहती है। शहर में भारी वाहनों के प्रवेश के लिए निर्धारित समय सीमा तय की गई है, लेकिन धरातल पर ये नियम सिर्फ कागजों तक सीमित नजर आते हैं। दिन के व्यस्त समय में, जब स्कूली बच्चे और दफ्तर जाने वाले लोग सड़कों पर होते हैं, तब भी ट्रक और ट्रेलर शहर के बीचोंबीच मुख्य मार्ग से गुजरते देखे जा सकते हैं। स्थानीय निवासियों अंकित शर्मा का कहना है कि पहले पुलिस की चेकिंग का डर रहता था, लेकिन अब चालक बेखौफ होकर मुख्य चौक-चौराहों से वाहन गुजारते हैं। इससे न केवल सड़क खराब हो रही है, बल्कि धूल और शोर के प्रदूषण ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। राजेश कुमार साहू ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि अब सड़क पर पैदल चलना या दोपहिया वाहन चलाना जान जोखिम में डालने जैसा है। भारी वाहनों की वजह से नेहरू चौक से लेकर बरौंडा चौक तक जाम लगा रहता है। सबसे ज्यादा डर तब लगता है जब स्कूल बसें इन भारी ट्रकों के बीच फंसी होती हैं। चालकों में पुलिस का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है।

### जाम से व्यापार और स्वास्थ्य पर असर

ट्रैफिक के इस बढ़ते दबाव का सीधा असर स्थानीय व्यापार पर भी पड़ रहा है। मुख्य बाजार में पार्किंग की जगह नहीं बचती और भारी वाहनों की वजह से ग्राहक बाजार आने से कतराने लगे हैं। इसके अलावा, आपातकालीन सेवाएं जैसे एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड भी अक्सर इन जामों में फंसी रहती हैं, जिससे किसी बड़ी अनहोनी का खतरा हमेशा बना रहता है। सड़कों की हालत भी इन भारी वाहनों के भार से जर्जर होती जा रही है। जगह-जगह हुए गड्ढे बारिश के समय में जानलेवा साबित होते हैं। धूल के गुबार से राहगीरों को सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन की समस्या आम हो गई है।

# चलती ट्रेन से यात्री को धक्का देकर मोबाइल लूटा, दोनों पैर कटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में शनिवार दोपहर एक दिल



दहला देने वाली घटना सामने आई है। चलती पैसेंजर ट्रेन में मोबाइल लूटने के बाद लुटेरों ने एक यात्री को नीचे धक्का दे दिया। इस हादसे में यात्री के दोनों पैर ट्रेन की चपेट में आ गए और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की पहचान ओडिशा के नुआपड़ा निवासी 45 वर्षीय संतू मांझी के रूप में हुई है। संतू मांझी शनिवार दोपहर करीब 3:30 बजे रायपुर से टिटिलागढ़ जा रही पुशपुल पैसेंजर ट्रेन में सवार थे। जब ट्रेन महासमुंद के बिठौबा टॉकीज के पीछे से गुजर रही थी, तब वह अपने मोबाइल पर कुछ देख रहे थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीन लिया और उन्हें चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया। संतू मांझी पटरियों के बीच गिर गए, जिससे उनके दोनों पैर बुरी तरह कट गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और स्थानीय पार्षद राहुल आंवड़े तुरंत मौके पर पहुंचे। पार्षद ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। अत्यधिक खून बहने के कारण एम्बुलेंस तक पहुंचते ही संतू मांझी बेहोश हो गए। उन्हें इलाज के लिए तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के इलाकों और संदिग्धों की तलाश कर रही है। इस घटना ने एक बार फिर ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

15 जनवरी तक बढ़ी तारीख, दफ्तरों के फेर में फंसे अन्नदाता

# रकबा सुधार की धीमी प्रक्रिया से किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान कटाई और मिंजाई का काम पूरा होने के बाद जहां किसानों को समितियों में अपनी फसल बेचने के काम में लगा होना चाहिए, वहीं जिले के सैकड़ों किसान तहसील कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। मामला खेतों के रकबा सुधार और फसल की जानकारी में सुधार से जुड़ा हुआ है। तकनीकी गलतियों के कारण बड़ी संख्या में किसानों का पंजीयन प्रभावित हुआ है। पंजीयन के दौरान आई गड़बड़ियों के कारण कई किसानों का रकबा वास्तविक जमीन से काफी कम दर्ज हो गया है।

उदाहरण के तौर पर, किसी किसान की 5 एकड़ जमीन एग्रीस्टैक पोर्टल पर केवल 2 एकड़ ही दिख रही है। इसके अलावा कई किसानों के फसल के प्रकार में भी गलतियां दर्ज हैं। जब तक पोर्टल पर यह जानकारी सही नहीं होगी, तब तक किसान अपना पूरा धान सरकारी केंद्रों पर नहीं बेच सकेंगे। प्रशासन ने सुधार के लिए आवेदन की समय सीमा को बढ़ाकर 15 जनवरी कर दिया है। हालांकि, तहसील कार्यालयों में आवेदनों के



निराकरण की गति बहुत धीमी है। तहसीलदार जुगल किशोर पटेल के अनुसार, पिछले दो तीन दिनों में केवल 40 से अधिक आवेदनों का ही समाधान हो पाया है। कार्यालय में अभी भी सैकड़ों आवेदन लंबित हैं, जिसके कारण प्रतिदिन किसानों की भीड़ कार्यालय पहुंच रही है। धान खरीदी का सीजन अपने अंतिम चरण में है। दूर-दराज के गांवों से आए किसान अपने जमीन के दस्तावेज लेकर घंटों इंतजार कर रहे हैं। किसानों को डर है कि यदि समय पर डेटा अपडेट नहीं हुआ, तो वे अपनी मेहनत की फसल को समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पाएंगे। यदि इन तकनीकी समस्याओं को जल्द ठीक नहीं किया गया, तो जिले में किसानों के बीच असंतोष और अधिक बढ़ सकता है।

### किसानों के लिए बनी गंभीर स्थिति

यह स्थिति केवल कागजी गलती नहीं है, बल्कि किसानों के लिए आर्थिक संकट का संकेत है। किसानों ने खाद, बीज और मजदूरी के लिए जो कर्ज लिया है, उसे चुकाने का एकमात्र साधन धान की बिक्री है। रकबा कम होने का मतलब है कि कम धान की बिक्री और कम आमदनी। जब सरकारी केंद्रों पर धान नहीं बिकेगा, तो मजबूरन किसानों को खुले बाजार में कम कीमतों पर फसल बेचनी होगी, जिसका फायदा बिचौलिये उठाएंगे। खेती की मेहनत के बाद अब दफ्तरों के चक्कर काटने से किसान मानसिक रूप से टूट रहे हैं।

### धान विक्रय संकट में, रकबा सुधार के लिए भटक रहे

बार नवापारा अभ्यारण्य से विस्थापित होकर बसे ग्राम रामसागर (भावा) के किसान इस खरीफ सत्र में अपनी धान की फसल बेचने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। किसानों आरोप है कि पटवारी और संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर फसल का भौतिक सत्यापन किए जाने के बावजूद एग्रीटेक पोर्टल पर उनका रकबा अब भी शुन्य प्रदर्शित हो रहा है। ग्रामीण सेवा सहकारी समिति पटेवा से जुड़े कृषक देवकुमार, रज्जूराम, राजेंद्र कुमार, फिरत राम, मन्नूलाल और लक्ष्मीबाई सहित लगभग 31 किसानों ने बताया कि वे इस समस्या को लेकर अब तक चार बार जनदर्शन और अधिकारियों से मुलाकात कर चुके हैं, लेकिन सुधार नहीं हुआ है।

### समितियों को मिली लॉगिन सुविधा, समय-सीमा तय

एकीकृत किसान पोर्टल पर किसानों के डेटा को अपडेट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार, जिले की सभी समितियों के लॉगिन में संशोधन का विकल्प खोल दिया गया है। इस अभियान के तहत 15 जनवरी तक पुराने किसानों की जानकारी को कैरी फॉरवर्ड करने, वनाधिकार पट्टाधारियों का नया पंजीयन करने और गलत आधार वाले रिकॉर्ड सुधारने का काम अनिवार्य रूप से पूरा करना होगा। इसके बाद, खसरा, रकबा और फसल विवरण में सुधार का कार्य 31 जनवरी तक चलेगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी कार्य समय पर पूरे किए जाएं ताकि कोई भी पात्र किसान सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
09 जनवरी 2026
SHOW TIME
द राजा साब
शो समय - 12:00, 3:00, 6:30, 9:00 PM
धुरंधर
शो समय - 03:30 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप



### डॉ. प्रभा को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से किया गया सम्मानित

**बलौदाबाजार।** साहित्य विधा संस्था के स्थापना दिवस के अवसर पर वृंदावन हॉल, रायपुर में पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में बलौदा बाजार की सेवा निवृत्त प्राचार्य एवं साहित्यकार डॉ. प्रभा शुक्ला को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से अलंकृत किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार रहीं, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश पंकज ने की। विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ साहित्यकार चितरंजन कर, भाषाविद महेंद्र ठाकुर, व्यंग्यकार डॉ. सरोज दुबे, वरिष्ठ कवित्री शशि सुरेंद्र दुबे, सोनम राजेश शर्मा छत्तीसगढ़ हेड, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित अनेक प्रतिष्ठित साहित्यकार उपस्थित रहे।

### कोसरंगी में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन

**खरोरा।** ग्राम कोसरंगी के बंगाली कैंप, स्थित दुर्गा मंदिर में 12 जनवरी से 20 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है। इस धार्मिक आयोजन के प्रवचन कर्ता प्रसिद्ध कथा वाचक भूपेंद्र पांडे महाराज (गुंडरदेही, जिला बालोद) होंगे। आयोजक समिति के अनुसार, प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा के माध्यम से भक्तों को भक्ति, ज्ञान और सदाचार का संदेश दिया जाएगा। समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

### राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में किरण ने जीता स्वर्ण पदक

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय 23वीं सीनियर (महिला एवं पुरुष) वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन कर्मा फिटनेस पचपेड़ी नाका रायपुर में 9 से 11 जनवरी 2026 तक आयोजित किया गया। आयोजन में महासमुंद जिले से पुरुष वर्ग में 60 किलोग्राम कैटेगरी में शंकर लाल एवं 65 किलोग्राम कैटेगरी में खोमन निषाद तथा महिला वर्ग में 53 किलोग्राम कैटेगरी में किरण बघेल शामिल हुई। किरण ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता एवं राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

## प्रवचन : फूलों की वर्षा, झांकी व बारात के साथ छठे दिन उमड़ा जनसैलाब

# श्रीकृष्ण-रूक्मिणी विवाह प्रसंग में श्रद्धालुओं ने गाए मंगल गीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

ग्राम मोहरेंगा गांधी चौक में समस्त ग्रामवासी द्वारा की ओर से आयोजित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिन शनिवार को कथावाचक पंडित शिवकुमार त्रिपाठी ने व्यास पीठ से श्रीकृष्ण बाल लीला, माखन चोरी, रासलीला, रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर भावपूर्ण व्याख्यान दिया। कहा कि हमारा मन ही मथुरा है और यह तन ही गोकुल है। यदि भगवान को पाना चाहते हो तो मन को मथुरा बना लो। जिसका मन पवित्र हो जाता है वह मथुरा बन जाता है। भगवान को वही पाता है जो मलिनता को दूर कर लेता है। पांच कर्मेन्द्री, पांच ज्ञानेन्द्री दस इन्द्रियों से बना हुआ यह शरीर ही गोकुल है।

इस दौरान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर कथा श्रवण करने आए भागवत प्रेमियों ने जमकर पुष्प वर्षा की। साथ ही विवाह के मंगल गीत गाते हुए नृत्य भी किए। इस मौके पर बाजे-गाजे के साथ निकाले गए कृष्ण-रुक्मिणी विवाह की आकर्षक झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। तो वहीं संगीतमय कृष्ण भजनों पर रसिक श्रोताओं ने खूब ठुमके लगाए। कथा के मध्य भगवान श्रीकृष्ण की धूमधाम के साथ बारात निकाली गई। बारात में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु बाराती बनकर झूमते नाचते हुए कथा पंडाल पहुंचे। इस दौरान भक्त भगवान श्री कृष्ण की महिमा पर आधारित भजनों की मीठी तान पर थिरकते हुए गाजे बाजे की मधुर धुन के साथ चल रहे थे। इस अवसर पर वरमाला धूमधाम से संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के पैर धोकर पूजा-अर्चना की और मंगला आरती गाकर विवाह संपन्न कराया। वहीं भगवान को उपहार भी भेट किए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नृत्य करते हुए जयकारे लगाए तो माहौल धर्ममय हो गया। पंडाल में सारा जनमानस भाव विभोर होकर झूम उठे। वहीं सजीव झांकियां भी सजाई गई थी।

### मोहरेंगा गांधी चौक में भाव-विभोर हुए श्रद्धालु





### कृष्ण-रूक्मिणी की कहानी से प्रेम की नई परंपरा की शुरुआतः कथावाचक पं. त्रिपाठी

कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। कृष्ण-रुक्मिणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथावाचक ने कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर बोलते हुए कहा कि, श्रीकृष्ण के साथ हमेशा देवी राधा का नाम आता है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं में यह दिखाया भी था कि राधा और वह दो नहीं बल्कि एक हैं, लेकिन देवी राधा के साथ श्रीकृष्ण का लौकिक विवाह नहीं हो पाया। देवी राधा के बाद भगवान श्रीकृष्ण की प्रिय देवी रुक्मिणी हुईं। रुक्मिणी और कृष्ण के बीच प्रेम कैसे हुआ इसकी बड़ी अनोखी कहानी है। इसी कहानी से प्रेम की नई परंपरा की शुरुआत भी हुई। देवी रुक्मिणी विदर्भ के राजा भीष्मक की पुत्री थी। रुक्मिणी अपनी बुद्धिमता, सौंदर्य और न्यायप्रिय व्यवहार के लिए प्रसिद्ध थीं। रूक्मिणी का पूरा बचपन श्रीकृष्ण के साहस और वीरता की कहानियां सुनते हुए बीता था। जब विवाह की उम्र हुई तो इनके लिए कई रिश्ते आए लेकिन उन्होंने सभी को मना कर दिया। उनके विवाह को लेकर माता-पिता और भाई चिंतित थे। बाद में रुक्मिणी का श्री कृष्ण से विवाह हुआ। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में रसिक श्रोतागण कथा पंडाल पहुंच धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं।



## मोहरा व हिरमी में श्रीमद् भागवत कथा भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अनुपम संगम

**हिरमी रावन।** मोहरा स्थित लक्ष्मी चौक में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में जहां भगवान श्रीकृष्ण–रुक्मणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया, वहीं हिरमी ग्राम के राधा कृष्ण मंदिर, गौठानपारा में चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतर्गत गोवर्धन पूजा और सुदामा चरित्र का अत्यंत जीवंत एवं भावप्रवण वर्णन हुआ। भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में श्रद्धा और भक्ति का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने श्रोताओं को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। राधाकृष्ण महिला समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस पावन कार्यक्रम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा के मुख्य प्रवक्ता पंडित गौरीशंकर शर्मा महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी से भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी को प्रवाहित किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा और सुदामा चरित्र जैसे प्रसंगों का सजीव चित्रण करते हुए बताया कि भगवान की लीलाएं केवल कथा नहीं, बल्कि मानव जीवन के लिए मार्गदर्शन हैं। परायणकर्ता हर्ष शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में चल रहे इस ज्ञान यज्ञ में आज राजसूय यज्ञ, यदुकुल को श्राप तथा राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया। रविवार दिनांक 11 जनवरी 2026 को गोवर्धन पूजा के विशेष अवसर पर महाराज ने बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार का दमन कर प्रकृति, गौ-वंश और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भक्ति भाव से झूम उठे।



### श्रीकृष्ण और सुदामा की कथा सुन भावुक हुए श्रद्धालु

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अटूट मित्रता का वर्णन सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। सच्ची मित्रता, निस्वार्थ प्रेम और त्याग का यह प्रसंग सभी के हृदय को छू गया। वहीं संगीतकारों की टोली द्वारा प्रस्तुत भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। 'राधे-राधे' और 'हरे कृष्ण' के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा और श्रद्धालु भजनों की धुन पर भाव-विभोर होकर नृत्य करने लगे।कार्यक्रम को सफल बनाने में राधाकृष्ण महिला समिति एवं हिरमी ग्रामवासियों का अभूतपूर्व सहयोग रहा। समिति के सदस्यों ने बताया कि आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु पहुंच रहे हैं। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भागवत कथा का पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# खरोरा में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर हुआ जलाभिषेक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत आस्था के 1000 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर खरोरा एवं आसपास के ग्रामों में जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने-अपने गांव के शिव मंदिरों में भगवान शिव शंकर भोले बाबा का विधिवत जलाभिषेक किया।

▪ रुद्राभिषेक में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

खरोरा मंडल में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, सभी मोर्चा के पदाधिकारी, वरिष्ठ जन, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, छाया अध्यक्ष, पार्षद व छाया पार्षद, जनपद सदस्य, सरपंच, जनप्रतिनिधि, बूथ अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बंधु इस पावन कार्यक्रम में शामिल हुए। 10 जनवरी को अपने-अपने गांव के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने महामृत्युंजय मंत्र का जप करते हुए भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था और भक्ति का वातावरण देखने को मिला।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रश्मि वर्मा, खरोरा की वरिष्ठ महिलाएं शांति वर्मा, रेणुका गंगा धिवर, सकुन नशीने, देवकी, अनिता, गौरी यादव, अमृत, शांति, प्रतिमा वर्मा सहित अनेक श्रद्धालु महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में लोगों ने रुद्राभिषेक में भाग लेकर भगवान शिव की आराधना की।

# टोहड़ा स्कूल में हुआ वार्षिक उत्सव समारोह, टंकराम वर्मा हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

ग्राम पंचायत टोहड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 10 जनवरी को वार्षिक उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ इस आयोजन में मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, अध्यक्ष स्वाति वर्मा विशेष अतिथि कोपरमा वर्मा समाजसेवी एवं चंद्रकला वर्मा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा उपस्थित हुए। अपने उद्बोधन में मंत्री जी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की काफी तारीफ की साथ ही विद्यार्थियों को अच्छे पढ़ाई करने के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी शामिल होकर विद्यालय में सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की। साथ ही शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी । विद्यालय हेतु उन्होंने दो अतिरिक्त कक्ष और विद्यालय आने के लिए सीसी रोड निर्माण की भी घोषणा की ।

▪ राजस्व मंत्री ने छात्रों को दी सर्वांगीण विकास की प्रेरणा



**ये रहे उपस्थितः** उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सहित वरिष्ठ व्याख्याता दिनेश कुमार आडिल, मनहरण लाल वर्मा, हीरालाल सिन्हा, वीरेंद्र वर्मा, अजीत वर्मा, डोमार वर्मा, कमल साहू, नोतन साहू, तोषण साहू, संजय वर्मा, रवींद्र राव भोसले, विक्रमादित्य शर्मा, कविता वैष्णव, प्रतिभाअचारी, माहेश्वरी वर्मा, उषा एक्का, विद्या वर्मा, मंजू पैकरा, रेनू सावरकर सहित समस्त स्टाफ ग्राम पंचायत टोहड़ा के सरपंच रूपेंद्र वर्मा शाला विकास समिति के सभी सदस्य सहित विभिन्न ग्राम पंचायत के सरपंच गण और भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन विक्रांत पैकरा द्वारा किया गया।

# सशिमं कोसरंगी में आनंद मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

सरस्वती शिशु मंदिर कोसरंगी में आनंद मेला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार साहू थे, अध्यक्षता ग्राम भारती के सहसचिव तोसन लाल साहू ने किया। अतिथि के रूप में ग्राम के पूर्व सचिव अमित वर्मा, तथा गैंद लाल साहू थे । मां सरस्वती के छाया चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया गया । संस्था के भैया बहनों द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन मोमोज, इडली, नड्डा रोल, पोहा, गुप चुप, भेल, केक, चाइनीज पकोड़ा, ब्रेड पकोड़ा, मैगी, चाऊमीन, नारियल लड्डू, चाय, पान आदि स्टॉल में सजाकर रखे गए थे, जिसका पालक सहित ग्राम वासियों ने भरपूर आनंद उठाया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भैया बहनों में पढ़ाई के साथ साथ में ज्ञान अर्जित कर आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से, प्रधानाचार्य सहित सभी आचार्यों का योगदान रहा ।





## मनमोहक दृश्य....



**पलारी ।** ग्राम घिरघोल के तालाब पास सुबह–सुबह प्रवासी पक्षियों का बिजली के तार के ऊपर बैठने का दृश्य बहुत ही मनमोहक प्रतीत हो रहा है |

## समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों के बीच खेला गया सद्भावना मैच

# चैंपियन्स ट्राफी टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

डॉ. जेके आडिल चैंपियंस ट्रॉफी, पावर्ड बाइ चेंबर ऑफ कॉमर्स भाटापारा के अंतर्गत मिलन क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ कल्याण क्लब मैदान में हुआ। यह आयोजन शहर में खेल भावना को बढ़ावा देने एवं युवा खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम हनुमान जी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लेकर किया गया, जिसके पश्चात उद्घाटन सद्भावना मैच खेला गया। उद्घाटन सद्भावना मैच छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं भाटापारा समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों के टीमों के बीच मुकाबला खेला गया। चांदी के सिक्के से टॉस हुआ। टॉस जीतकर भाटापारा चेंबर ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन टीम मात्र 55 रनों पर सिमट गई। जवाब में प्रदेश टीम के खिलाड़ी राजू कंचवानी, निकेश बरड़िया एवं टीम ने मात्र दो ओवर में 56 रन बनाकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की।



### रोमांचक मुकाबलों के साथ आगे बढ़ेगी प्रतियोगिता

मिलन क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा ने उपस्थित सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। अमरजीत सलूजा ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 71,000 एवं द्वितीय पुरस्कार 31,000 रखा गया है। साथ ही मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन सहित कई अन्य विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। यह रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता आगामी दिनों में रोमांचक मुकाबलों के साथ आगे बढ़ेगी, जिसमें छत्तीसगढ़ की कई टीमें भाग लेंगी। आयोजन को लेकर खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।




